देवेन्द्र कुमार द्विवेदी
उपायुक्त
Devendra Kumar Dwivedi
Deputy Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
(Under Ministry of Education, Govt. of India)
क्षेत्रीय कार्यालय, सेक्टर-जे, अलीगंज लखनऊ -226024
Regional Office, Sector–J, Aliganj Lucknow - 226024
☎दूरभाष: 0522-2745386, फैक्स: 2745536
Website : https://rolucknow.kvs.gov.in/
E-mail add.: dcrolucknow@gmail.com

दिनांक: 5 सितंबर, 2022

संदेश

गुरूर्ब्रह्मा गुरूर्विष्णुः गुरूर्देवो महेश्वरः ।
गुरूर्साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः ।।

आज 5 सितंबर को हम अपने द्वितीय राष्ट्रपति, भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद और महान दार्शनिक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जन्म-जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस मना रहे हैं। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का राष्ट्र निर्माण में योगदान, उनका दर्शन एवं राष्ट्र प्रेम पीढ़ी-दर-पीढ़ी हमें प्रेरणा देते रहेंगे। इस पावन दिवस पर मैं लखनऊ संभाग के सभी शिक्षक/ शिक्षणेत्तर साथियों एवं विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

भारतीय संस्कृति, गुरुकुल-परंपरा की संवाहक और संपोषक रही है फिर चाहे पुरातन समय की बात हो, अथवा अधुनातन। शिक्षकों ने सदैव प्रकाश-पुंज बनकर समाज का मार्ग प्रशस्त किया है। शिक्षक राष्ट्र के सच्चे निर्माता होते हैं। शिक्षक हमें सही रास्ता दिखाते हैं, हमारा चरित्र-निर्माण करते हैं और जीवन की बड़ी-बड़ी चुनौतियों का सामना करने के योग्य बनाते हैं। एक शिक्षक जो भूमिका निभाता है, वह राष्ट्र के सुदृढ़ विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षक हमारी नई पीढ़ी को एक जिम्मेदार भावी नागरिक के रूप में तैयार करते हैं।

विद्यार्थियों में अंतर्निहित क्षमता के संयोजन और उसके उन्नयन का दायित्व शिक्षकों का होता है, एक योग्य शिक्षक ही एक व्यक्तित्व-निर्माता, समाज-निर्माता और राष्ट्र-निर्माता होता है। मेरा सभी शिक्षक साथियों से आग्रह है कि वे अपने विद्यार्थियों को एक सुनहरे भविष्य की कल्पना करने और उनके सपनों को पूरा करने में योग्यता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें, उन्हें सक्षम बनाएं और एक संवेदनशील शिक्षक बनकर अपने व्यवहार, आचरण और शिक्षण से उनकी प्रतिभा को रुचियों एवं क्षमतानुसार सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दें।

कोरोना संकट में भी हमारे शिक्षकों ने नई चुनौतियों का सामना ही नहीं किया, अपितु संपूर्ण शिक्षातंत्र के ताने-बाने को कुशलता से बुना और विद्यार्थियों के अधिगम को निर्बाध गति से जारी रखा। मुझे खुशी है कि हमारे शिक्षकों ने इस चुनौती को स्वीकार किया और इसे एक अवसर में बदल दिया। हमारे शिक्षक नई शिक्षा नीति 2020 के तत्वाधान में आए परिवर्तनों को अपने शिक्षण-कार्य में आत्मसात कर विद्यार्थियों को वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि जिस तरह से राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश में एक विवर्तनिक बदलाव ला रही है, उसी प्रकार हमारे शिक्षक हमारे विद्यार्थियों तक इसका लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और 21वीं सदी के भारत के भविष्य को आकार देने के लिए संकल्पित होंगे।

एक बार पुन: केन्द्रीय विद्यालय संगठन, लखनऊ संभाग परिवार के सभी सदस्यों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिंद। जय भारत।

05/9/2022

(देवेन्द्र कुमार द्विवेदी)
उपायुक्त